नारी कॉलेज में नई छात्राओं का स्वागत

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को बीए, बीएससी व बीकॉम की नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं से कहा कि उन्नति करने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है, इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षा ही महिलाओं के सपनों की उड़ान को पंख दे सकती है। प्रो. सुमन मिश्रा ने महाविद्यालय के इतिहास से परिचय कराया। उन्होंने कहा, किसी भी संस्थान का परिचय उसके विद्यार्थियों से होता है। सभी छात्राएं एक अच्छा विद्यार्थी बनने का प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रो. वंदना उप्रेती, प्रो. आयशा फातिमा समेत अन्य शिक्षिकाएं थीं। (संवाद)

स्टर की कक्षाएं शुरू हो गईं ● सौजन्यः लवि

शुरू होंगी।

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज : संस्थान में पहले दिन ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। प्रो. सुमन मिश्रा ने छात्राओं को कालेज के इतिहास से परिचित कराया। छात्राओं को अनुशासन संबंधी, कोर्स, पठन-पाठन एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया।

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ ने नवीन सत्र 2023 - 24 का प्रारंभ पूर्वाभिमुखीकरण कार्यक्रम (**Orientation Program**) का आयोजन करके किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा के आशीर्वचनों से कार्यक्रम की श्रृंखला आगे बड़ी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राएं जीवन के नए अध्याय में भी प्रवेश ले रही हैं। महाविद्यालय में उनके विकास के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है और अधिकतम सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं द्य प्रो. सुमन मिश्रा ने छात्राओं को महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए बनाए गए अनुशासन सम्बन्धी नियम , महाविद्यालय में संचालित कोर्सों, विभिन्न विभागों की शिक्षिकाओं, पठन-पाठन एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में छात्राओं को प्रो. आयशा फातमी ने अवगत कराया। महाविद्यालय के अंतर्गत कला संकाय द्वारा संचालित सभी विषयों, विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित विषयों एवं कॉमर्स संकाय के बारे में भी छात्राओं को सभी शिक्षिकाओं ने अवगत कराया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में संचालित कोर्स एनसीसी एवं एनएसएस कार्यक्रमों, लाइब्रेरी की सुविधा , एन-लिस्ट , छात्रवृत्ति सुविधा, इको-क्लब , सांस्कृतिक कार्यक्रम,स्पोर्ट्स एवं प्लेसमेंट सेल के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया जिससे छात्राएं इन सभी कार्यक्रमों से लाभान्वित हो सकें एवं अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकें । कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूऐसी और प्रॉक्टर बोर्ड ने संयुक्त रूप से किया द्य संचालन प्रो. आयशा फातमी ने किया । कार्यक्रम का औपचारिक समापन प्रो. वन्दना उप्रेती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं , **IQAC Cell** के सभी सदस्यों, प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ-साथ कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की नवागंतुक 100 छात्राएं सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम में डॉ. [illegible]

नारी शिक्षा निकेतन का इतिहास बताया

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में नवांगतुक छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि छात्राओं को एनसीसी, लाइब्रेरी की सुविधा, एन-लिस्ट और छात्रवृत्ति सुविधा के बारे में बताया गया। इसी तरह नवांगतुक छात्राओं को इको-क्लब के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर प्रो. सुमन मिश्रा, आयशा फातमी और वंदना उपस्थित रहीं।